पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड की 52वीं बैठक की ऑनलाइन अध्यक्षता की

———————

बैठक में बारह मदों पर हुई चर्चाएं

———————

‘रामपुर रजा लाइब्रेरी’ का नाम परिवर्तित करके ‘रामपुर रजा लाइब्रेरी एवं म्यूजियम’ किया जाए

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 12 जुलाई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड की अध्यक्षता में आज राजभवन से ऑनलाइन बोर्ड की 52वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद रामपुर के जिलाधिकारी एवं निदेशक रजा लाइब्रेरी बोर्ड, श्री रवीन्द्र कुमार मंडेर ने राज्यपाल जी को 51वीं बैठक के निर्णयों पर अनुपालन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और बजट अनुमोदन प्राप्त किया।

बैठक में बारह मदों पर चर्चाएं हुईं, जिसमें राज्यपाल जी ने ‘रामुपर रजा लाइब्रेरी का नाम परिवर्तित करके ‘रामपुर रजा लाइब्रेरी एवं म्यूजियम’ करने, साप्ताहिक अवकाश सोमवार को रखने हेतु स्वीकृति दी। उन्होंने लाइब्रेरी के निदेशक के तीन साल से रिक्त पद की जानकारी पर राज्यपाल जी ने बैठक से ऑनलाइन जुड़ी ज्वाइंट सेक्रेट्री संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, सुश्री मुग्धा सिंह से इस पर शीघ्रतम नियुक्ति कराने को कहा।

बैठक में राज्यपाल जी ने रामपुर रजा लाइब्रेरी को रू0 7.24 करोड़ के प्राप्त बजट पर लाइब्रेरी के आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने लाइब्रेरी में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने और उसके कन्ट्रोल रूम का स्थान निर्धारण भी करने को कहा। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी से जुड़े प्रत्येक भवन को सौन्दर्यीकृत किया जाए। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने कहा कि विदेशों में भी ऐसी अनेक संस्थाएं हैं, जो हैरिटेज को संरक्षित करने में सहयोग देती हैं। ऐसे सहयोग को प्राप्त करने की लिए भी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ साहित्य को अन्य प्रचलित भाषाओं में अनूदित कराकर पाठकों के लिए उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पुस्तकालय के म्यूजियम में ओ0डी0ओ0पी0 उत्पादों का प्रदर्शन भी करवाने को कहा।

बैठक में रामपुर रजा लाइब्रेरी के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम एवं गतिविधि आयोजन पर भी चर्चा की । इस आयोजन में देश भर की लाइब्रेरी संग्रहों का प्रदर्शन, सांस्कृतिक आयोजन, भोजन प्रतियोगिताओं की चर्चा भी की। राज्यपाल जी ने इसमें विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा गृहणी महिलाओं, मिलेट उत्पादकों को जोड़ने के लिए कहा।

राज्यपाल जी ने सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव में निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, गुणवत्ता और कार्य प्रगति को देखने के लिए संस्कृति विभाग, दिल्ली तथा रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के इंजीनियर्स को भी जोड़ने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के स्थायित्व की समय सीमा को भी निर्धारण कराया जाये। रामपुर रजा लाइब्रेरी 7 अक्टूबर, 2024 को अपनी स्थापना के 250 वर्ष पूर्ण करेगी।

बैठक में राज्यपाल जी ने संग्रहों के डिजिटाइजेशन, सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का सेवारत कर्मचारियों के माध्यम से सम्पन्न करवाने के विषय में भी निर्देश दिया।

इस अवसर पर बैठक में राज्यपाल जी के साथ राजभवन से अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार से ज्वाइंट सेक्रेट्री सुश्री मुग्धा सिन्हा, रामपुर के जिलाधिकारी एवं निदेशक रामपुर रजा लाइब्रेरी बोर्ड श्री रवीन्द्र कुमार मंडेर तथा बोर्ड के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

————

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361